# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-22.11.2023**

**थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा शातिर चोर प्रदुम्मन गिरि गोसाई गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया टोटो (ई-रिक्शा) बरामद।**

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-347/23 धारा 379/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रदुम्मन गिरि गोसाई पुत्र मदनलाल गिरि गोस्वामी नि0-डी 59/275 शिवपुरवा महमूरगंज थाना सिगरा वाराणसी को दिनांक-21.11.23 को समय करीब 19.00 बजे मड़ौली नई बस्ती शिवमन्दिर के पास मण्डुवाडीह वाराणसी से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये टोटो (ई-रिक्शा) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-**अभियुक्त प्रदुम्मन गिरि गोसाई ने पूछताछ करने पर बताया कि यह टोटो (ई-रिक्शा) मैने व मेरे एक साथी ने मिलकर दो दिन पहले रात्रि में गोकुल स्विट शॉप के सामने से चोरी किया था तथा यहीं लाकर छिपा कर खड़ा कर दिया था और बेचने की फिराक मे हम ग्राहक तलाश रहे थे। मै और मेरा साथी ग्राहक न मिलने पर आज इसकी बैटरी निकाल लिये और मेरा साथी बैटरी लेकर मार्केट कि तरफ बेचने गया है, मै यहाँ उसका इंतजार कर रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

प्रदुम्मन गिरि गोसाई पुत्र मदनलाल गिरि गोस्वामी नि0-डी 59/275 शिवपुरवा महमूरगंज थाना सिगरा वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-** 01 अदद टोटो (ई-रिक्शा) रंग नीला चेचिस नं0-M6DTUKRED23086863 बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0-1243/19 धारा 379/411 आईपीसी थाना लंका कमि0 वाराणसी।

2-मु0अ0सं0-403/20 धारा 406/409/417/418/420/421 आईपीसी थाना सिगरा कमि0 वाराणसी।

3-मु0अ0सं0-295/21 धारा 379/411/427 आईपीसी थाना सिगरा कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1.उ0नि0 गौरव मिश्र थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 योगेन्द्र यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 अजय त्यागी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4.उ0नि0 प्रशान्त पाण्डेय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5.हे0का0 शत्रुध्न सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
6.हे0का0 शक्ति सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
7.का0 सुर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

